EDII

Chakrata - Dehradun

March 16, 2024

चकराता के मागटी में बुधवार को प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। • हिन्दुस्तान

संविधान के अनुरूप काम करे सरकार

देहरादून। विपक्षी दल और जन संगठनों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ डीएम के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। राज्यपाल से मांग की गई कि सरकार को निर्देशित किया जाए कि वह कानून और संविधान के अनुरूप काम करे।

बुधवार को जन संगठनों से जुड़े लोग डीएम दफ्तर पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी में दुकानदारों को धर्म के आधार पर निशाना बनाया गया था। हल्द्वानी के वनभूलपुरा में हुई घटना की निंदा की गई।

स्वरोजगार के लिए दिया जा रहा प्रशिक्षण

- मोटे अनाज से उत्पाद तैयार करना सिखाएंगे
- आईडीबीआई बैंक दे रहा वित्तीय सहयोग

चकराता, संवाददाता। आईडीबीआई बैंक और भारतीय उद्यमिता संस्थान अहमदाबाद के सहयोग से आरआईसी प्रोजेक्ट के तहत मागटी में 18 दिवसीय मोटे अनाज के उत्पाद तैयार करने के प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर के माध्यम से महिला-पुरुषों को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा।

सहकारिता सचिव गोपाल ने बताया कि ग्राम मागटी में आयोजित शिविर में महिला और पुरुषों को मिलेट के व्यंजन बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। केंद्र सरकार की इस योजना के लिए आईडीबीआई बैंक वित्तपोषण कर रहा है।

योजना के तहत महिलाओं को पारंपरिक अनाजों मंडुवा, झंगोरा, रामदाना आदि से लजीज बेकरी उत्पाद, कुकीज, बर्फी, मूसली, रेडी मिक्स फूड, बिस्किट आदि बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मंडुवा झंगोरा, कोणी जैसे पहाड़ी पारंपरिक मोटे अनाजों को आजीविका से जोड़ने के लिए ट्रेनिंग दी जा रही है। इसमें मंडुवे के लड्डू, चाय, बर्फी सहित मूसली जैसे स्थानीय प्रोडक्ट बनाने सिखाए जाएंगे। इस दौरान ग्राम संगठन महिला अध्यक्ष लक्ष्मी देवी, पिंकी देवी, झूलो देवी, रुक्मा चौहान, विनिता देवी, पुनीता देवी आदि मौजूद रहे।